प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र : कहा– देश में सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है उत्तर प्रदेश।
2. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज भावनगर–अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाड़ी का किया शुभारंभ : कहा– पिछले 11 वर्षों में रेलवे में यात्री सुविधाओं को लेकर हुए हैं व्यापक बदलाव।
3. गोंडा में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत, चार घायल : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर जताया दुख, राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 5–5 लाख अनुग्रह राशि का किया एलान।

और

4. प्रदेश में लगातार बारिश से 17 जिले बाढ़ प्रभावित : अगले दो दिनों तक अधिकांश जिलों में मध्यम से भारी वर्षा का अलर्ट।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1 हजार 494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने चयनित कई अभ्यर्थियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत पुलिस भर्ती बोर्ड का सुदृढ़ीकरण किया गया। इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है।

बाइट...

*2017 में जब हमारी सरकारआती है तो हम लोगों ने भर्ती की इस प्रक्रिया को ईमानदारी पूर्वक करने के लिए इसबोर्ड की सुदृढ़ीकरण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया, आज परिणाम है उत्तरप्रदेश देश के अंदर सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर आता है। साढ़ेआठ लाख सरकारी भर्ती हमने अब तक सम्पन्न की है।*

———————

प्रदेश सरकार तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों से सख्ती से निपटेगी। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक को हर जिले में ड्रोन गतिविधियों की समीक्षा कर कार्रवाई के

निर्देश दिए हैं। श्री योगी ने कहा कि बिना अनुमति ड्रोन संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध है, इस पाबंदी का उल्लंघन करने वालों और ड्रोन से दहशत फैलाने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून भी लगाया जायेगा।

---

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारतीय जनता पार्टी की आज संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह शामिल हुए। बैठक में श्री योगी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि यह कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक जिम्मेदारी भी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि उसके बूथ की मतदाता सूची में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को जोड़ना संगठनात्मक परिपक्वता का परिचायक है।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज भावनगर रेलवे स्टेशन से भावनगर–अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाडो को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा

कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय रेलवे में महत्वपूर्ण बदलाव हुए है।

*11 वर्ष पहले अगर किसी स्टेशन पे जाते, स्टेशन पे खड़ा होना दुर्भर होता था। इन 11 मोदी जी ने रेलवे में बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। आज स्टेशन साफ–सुथरे होते हैं। नए स्टेशन बन रहे हैं। गाड़ियां साफ–सुथरी हैं और जो 50–60 वर्षों के पुराने जो तकलीफें थीं उनकों इन 11 वर्षों में बहुत हद तक दूर किया है और एक नए विजन के साथ काम कर रहे हैं जिसके कि नए तरह का रेलवे गड़े, नए तरह का भारत बने।*

रेल मंत्री ने कहा कि देश में एक हजार तीन सौ रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास विश्व की सबसे बडी स्टेशन पुनर्विकास परियोजना है।

———————

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने आज आगरा में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इण्डिया द्वारा आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में शिरकत की । बाद में मीडिया से बात करते हुए श्री आठवले ने कहा कि देश के हर नागरिक को संविधान का सम्मान करना चाहिए, देश संविधान से चलेगा तभी विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। बाइट...

*इस देश में जिसको रहना है उसे संविधान का सम्मान करना ही होगा। बाबा साहब का संविधान सभी जातियों को मजबूत करता है इसलिए अगर संविधान का सम्मान होता रहेगा तो देश मजबूत होता रहेगा।*

———————

केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री एवं पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने आज नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा निर्मित एआई डाटा लैब का

फ़ीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह डाटा लैब जनपद के लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार के मद्‌दनज़र काशी के बाबा विशवनाथ मंदिर, अयोध्या और लोधेश्वर महादेव मंदिर सहित प्रदेश के सभी शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि शिव भक्त सावन के चौथे सोमवार को बाबा का विशेष स्वरूप में दर्शन पाएंगे। बाइट...

*श्रावण के सभी सोमवार बहुत ही कुशलतापूर्वक का सम्पन्न हो चुके हैं अंतिम सोमवार का हम लोग के लिये हम लोग जो है पूरी जिम्मेदारी के साथ लगे हुए हैं महादेव से यह वरदान मांगा गया है कि पूरा पवित्र माह है हमारा सोमवार है वह बहुत ही श्रद्धापूर्वक एवं उल्लासपूर्वक समाप्त हो।*

वहीं प्रशासन ने कांवड़ यात्रा मार्ग वाले जिलों में सुरक्षा और यातायात के खास इंतजाम किए है।

———————————

गोंडा जिले में आज सुबह एक सडक दुर्घटना में 11 लोगों की मृत्यु हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार पृथ्वीनाथ मंदिर जा रही एक कार में 15 श्रद्धालु सवार थे। ये कार अनियंत्रित होकर पारा सराय अलावल देवरिया सडक पर सरयू नहर पुल के पास नहर में गिर गई। जिले के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 11 शवों को बरामद किया गया है। बाइट...

*चार लोगों को नहर में से जीवित निकाल लिया गया है जो सुरक्षित हैं और प्राथमिक उपचार हेतु उन्हें ...दिया गया है। 11 लोगों की दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई है। 11 लोगों के शव निकाल कर इनके पंचायतनामा की कार्रवाही कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल, गोंडा भिजवा दिया गया है। बाकी तत्काल इस तरह की सूचना प्राप्त होते ही सभी अधिकारी यहां मौजूद हैं। एसडीआरएफ की टीम हमारी मौके पर आ गई है और रेसक्यू और सर्च ऑपरेशन अभी भी उनका जारी है।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में मरने वाले लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पास्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50–50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस हादसे पर दुख जताया है। श्री योगी ने मृतकों के परिजनों के लिए पांच–पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की है।

———————————

प्रदेश में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश का एलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश से राज्य में कई नदियां उफान पर हैं। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि भदोही जिले में 22 बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। बाइट...

*22 बाढ़ चौकियां बनायी गई हैं जहां पर अलग–अलग जो विभाग हैं, उनके कर्मचारियों की भी तैनाती की गई हैं। हमारे पास पर्याप्त स्टॉक अवेलेबल है। जितने भी हमारे गोताखोर हैं, नाविक हैं, उन लोगों से हम लोगों ने लगातार संपर्क बना कर रहा हुआ है। आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग करेंगे।*

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज जालौन के माधवगढ़ में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। श्री सिंह ने कहा बाढ़ की स्थिति पर सरकार की पूरी नजर है। बाइट...

*इस वक्त हमारे पासबुंदेलखण्ड और मध्य प्रदेश के लगे हैं जिसके कारण कोई ज्यादा चुनौती नहीं है पानीधीरे–धीरे उतरकर और आप चिन्ता मत करिये और कुछ गांव भी चिन्हित हैं इसमें आपको हरप्रकार का सहयोग मिलता रहेगा। किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।*

राज्य के राहत आयुक्त भानुचंद गोस्वामी ने बताया है कि कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, चित्रकूट, बलिया,

बांदा, गाजीपुर, मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी चंदौली कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर सहित प्रदेश के 17 जिलों के चार सौ दो गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन सभी बाढ़ प्रभावित इलाकों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

———————

मध्य प्रदेश के बालाघाट में चल रही जूनियर नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप 2025 फॉर बी सी रॉय ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने जगह बना ली है। आज उत्तर प्रदेश ने सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश को 3–0 से हराकर खिताब की दावेदारी पेश की। फाइनल मुकाबला 5 अगस्त को होगा।

———————